# एक हजार एकड़ भूमि में होगा डिफेंस कॉरिडोर का विस्तार

- 3.5 हजार करोड़ के निवेश से इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत होगा
- झांसी नोड में सर्वाधिक निवेश होगा, चित्रकूट व लखनऊ भी बने पसंद

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए राज्य सरकार एक बड़ा कदम बढ़ाने जा रही है। उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर (यूपी डीआइसी) के तहत निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए लगभग एक हजार एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटित करने की तैयारी है।

उपलब्ध निवेश प्रस्तावों के अनुसार कंपनियों को विभिन्न नोड्स में भूमि आवंटित की जानी है, जिनके माध्यम से लगभग ₹3.5 हजार करोड़ रुपये का और निवेश होगा। झांसी नोड निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। यूपीडा के अधिकारियों का कहना की संभावित निवेश के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है।